टूल रूम स्टॉफ ने जाने सायबर सुरक्षा के उपाय

पीआरटीएस की 74 वीं कार्यशाला

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल द्वारा चलाये जा रहे समाधान अभियान की 74 वीं कार्यशाला इंडो-जर्मन टूल रूम में आयोजित की गई, जिसमें 100 से ज्यादा अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया।

रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के महानिदेशक वरूण कपूर द्वारा प्रथम सत्र में सायबर स्पेस की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में अपराधियों द्वारा आधुनिक टेक्नालॉजी का उपयोग कर किस तरह अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है और ये अपराधी तत्व कैसे आम नागरिकों, संस्थाओं, कार्यालयों आदि की जानकारी चुराकर एवं इंटरनेट के माध्यम से वायरस भेजकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसकी जानकारी प्रत्येक नागरिक को होना चाहिए, क्योंकि जानकारी होगी, तभी ऐसे अपराधों से बच सकेंगे। इन सबसे बचने का मूलमंत्र एक ही है जागरूकता। सभी लोगों को इंफारमेशन टेक्नालॉजी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी होना भी जरूरी है, ताकि संभावित गलतियों से बच सकें। श्री कपूर ने बताया कि जिस प्रकार असली दुनिया में हम जीने के लिये सुरक्षा मानकों को अपनाते हैं, उसी प्रकार इस आधुनिक संचार का क्षेत्र जो काल्पनिक दुंनिया कही जाती है, इसमें भी सायबर के शिकार होने से अपना बचाव करना चाहिये। सत्र के उपरान्त पीआरटीएस एसपी सुदीप गोयनका द्वारा द्वितीय सत्र संचालित किया गया, जिसमें उन्होंने छोटे-छोटे टिप्स दिए जिससे कि सायबर स्पेस का सुरक्षित इस्तेमाल किया जा सके। इस अवसर पर संस्था द्वारा श्री कपूर को एवं श्री गोयनका को प्रशंसा पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।